यमुनानगर केसरी

शुक्रवार FRIDAY 8 मार्च 2024

पलक व आंचल ने बनाई सबसे सुंदर रंगोली

सढौरा, 7 मार्च (पंकेस) : डी.ए.वी. कालेज मे महिला दिवस मनाया गया। अयोजन की जानकारी देते हुए कार्यक्रम इंचार्ज डॉ गुरमेज सिंह ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर कालेज में रंगोली, केशसज्जा, मेहंदी और कुकिंग की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें कालेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डॉ तेजबीर ने महिला दिवस पर सभी को बधाई दी।

कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व अन्य।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से प्रतिभा में निखार आता है। रंगोली मे पलक व आंचल ने पहला स्थान प्राप्त किया सीनु व नेहा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मेहंदी में पल्लवी ने पहला व सिमरन ने दूसरा और सोनाक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कूकिंग में आरजू ने पहला स्थान हासिल किया। केशसज्जा में आरजू ने पहला व हर्षिता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अवसर पर प्रोफसर रितु चहल, प्रोफसर सुनीता, प्रोफसर मेघा, प्रोफसर जसप्रीत, प्रोफसर नेहा व प्रोफसर परवींन्दर मौजूद रही।

समाज के लोगों द्वारा दी गई जिम्मेदारी को बाखूबी से निभाएंगें